सत्यमेव जयते

# सप्तदश बिहार विधान सभा

# प्रत्यायुक्त विधान समिति

# का

# पंचम प्रतिवेदन

(परिवहन विभाग)

(दिनांक 13/02/2024 को सदन में उपस्थापित)

बिहार विधान सभा की प्रत्यायुक्त विधान समिति द्वारा प्रकाशित ।

## विषय-सूची


| | पृष्ठ |
|---|---|
| 1. प्रत्यायुक्त विधान समिति के सदस्यों की सूची एवं प्रत्यायुक्त विधान समिति शाखा के पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों की सूची | क |
| 2. प्राक्कथन | ख |
| 3. प्रतिवेदन | 1-2 |
| 4. परिशिष्ट | 3-21 |

बिहार विधान सभा सचिवालय

--------

बिहार विधान सभा की प्रत्यायुक्त विधान समिति ( वर्ष 2023–2024 ) के सदस्यों की सूची--

सभापति

1. श्री अजीत शर्मा — स० वि० स०

सदस्यगण

1. डॉ० सुनील कुमार — स० वि० स०
2. श्री राजू कुमार सिंह — स० वि० स०
3. श्री सुरेन्द्र मेहता — स० वि० स०
4. श्री आबिदुर रहमान — स० वि० स०
5. श्री अनिरूद्ध कुमार — स० वि० स०
6. श्री प्रेम शंकर प्रसाद — स० वि० स०
7. श्रीमती प्रतिमा कुमारी — स० वि० स०
8. श्री रामबली सिंह यादव — स० वि० स०
9. श्री नितिन नवीन — स० वि० स०
10. श्री अरूण कुमार सिन्हा — स० वि० स०
11. श्रीमती नीतु कुमारी — स० वि० स०
12. श्रीमती शालिनी मिश्रा — स० वि० स०
13. श्रीमती मीना कुमारी — स० वि० स०

बिहार विधान सभा सचिवालय के पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों की सूची--

1. श्री राज कुमार — सचिव
2. श्री पवन कुमार पाण्डेय — संयुक्त सचिव
3. श्री राजीव कुमार — निदेशक
4. श्री अमलेन्द्र प्रसाद महतो — उप-सचिव
5. श्री सुशील कुमार — प्रशाखा पदाधिकारी
6. श्री पंकज कुमार राय — सहायक
7. श्री संजय कुमार-2 — सहायक

## प्राक्कथन

17वीं बिहार विधान सभा के दौरान दसवें प्रतिवेदन को तैयार कर प्रस्तुत करने में मुझे हर्ष का अनुभव हो रहा है । पिछले तीन वर्षों में समिति द्वारा चार प्रतिवेदन तथा पांच विशेष प्रतिवेदन सहित कुल 9 प्रतिवेदन सदन में प्रस्तुत किये गये हैं । विशेष प्रतिवेदन संख्या 2 को हूबहू सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा लागू किया गया जो समाचार-पत्रों की सुर्खियां भी बना ।

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार की अधिसूचना संख्या सा०का०नि०-879 (अ), दिनांक 14 दिसम्बर, 2022 द्वारा केन्द्रीय मोटर वाहन नियमावली के नियम में संशोधन किया गया जिसके आधार पर राज्यों को भी संशोधन करना अपेक्षित होता है । बिहार सरकार द्वारा भी उपर्युक्त संशोधित नियमावली को जनवरी, 2023 में लागू किया गया । इस संशोधन से निजी और सरकारी क्षेत्र के पात्र कर्मियों के लिये व्यवस्था की गयी कि उनकी पुरानी गाड़ियों को भी BH Series आवंटित किया जा सकता है । BH Series का आवंटन दोनों ही राज्य कर सकते हैं या तो कार्यस्थल का राज्य अथवा स्थायी आवास का राज्य ।

समिति ने महसूस किया कि यह बिहार के लिये बिना कोई खर्च किये राजस्व संग्रहण का एक अच्छा अवसर है । राज्य के लाखों बच्चे बाहर हैं, उनकी गाड़ियों को स्थायी आवास के आधार पर बिहार राज्य में यदि BH Series में निबंधित किया जाय तो अच्छी खासी आय होगी ।

इस प्रतिवेदन को तैयार करने में परिवहन विभाग की ओर से जो सहयोग दिया गया है समिति उसके लिये उन्हें धन्यवाद देती है ।

समिति शाखा के कर्मियों ने जो सहयोग और परिश्रम किया है उसके लिये समिति उन्हें धन्यवाद देती है ।

इस प्रतिवेदन को तैयार करने में समय-समय पर श्री श्रीरमण सिंह, मुख्य प्रतिवेदक, बिहार विधान सभा सचिवालय से सहयोग प्राप्त किया गया है । उनके सहयोग के लिये समिति उन्हें धन्यवाद देती है ।

माननीय अध्यक्ष महोदय के मार्गदर्शन के बिना इस प्रतिवेदन को तैयार करना संभव नहीं था इसलिये मैं विशेष रूप से उन्हें धन्यवाद देते हुये उनका आभार व्यक्त करता हूँ ।

दिनांक 30 नवम्बर, 2023 (ई०) ।

अजीत शर्मा,<br>
सभापति,<br>
प्रत्यायुक्त विधान समिति,<br>
बिहार विधान सभा ।

# प्रतिवेदन

## प्रतिवेदन

परिवहन विभाग के नियम, उप-नियम, विनियम आदि से संबंधित विमर्श के दौरान समिति के समक्ष कुछ प्रश्न उभरकर आये जिसे सभा सचिवालय के पत्रांक 2306, दिनांक 12 सितम्बर, 2023 (परि०-1) द्वारा विभाग को भेजकर उस पर उत्तर प्राप्त करने का निर्णय लिया गया तथा तत्संबंधी बैठक दिनांक 27 सितम्बर, 2023 को रखी गयी । बैठक के लिये प्रश्नावली निम्न प्रकार है:--

1. BH Series अपडेट सर्कुलर/नियम क्या है ?

2. BH Series के अंतर्गत कितने आवेदन आये, कितने को स्वीकृत किया गया ?

3. नई गाड़ियों के साथ-साथ पुरानी गाड़ियों को भी BH Series दिये जाने का प्रावधान किया गया है, उसके अनुपालन के लिये प्रचार-प्रसार की क्या व्यवस्था की गई है और क्या किसी पुरानी गाड़ी को BH Series का नम्बर आवंटित किया गया है ?

4. ड्राइविंग लाइसेंस के लिये सर्कुलर/नियम क्या है और कब लागू किया गया है ?

विभाग के पत्रांक 7385, दिनांक 26 सितम्बर, 2023 द्वारा समिति को प्रश्नावली का उत्तर उपलब्ध कराया गया (परि०-02) जिसमें क्रमशः उल्लेख किया गया है कि--

1. सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार की अधिसूचना संख्या सा०का०नि०-594(अ), दिनांक 26 अगस्त, 2021 द्वारा केन्द्रीय मोटरवाहन नियमावली के नियमों में संशोधन करते हुये सरकारी एवं निजी क्षेत्र में कार्य करने वाले पदाधिकारी एवं कर्मचारी हेतु प्रावधान किये गये हैं, जिसे परिवहन विभाग की अधिसूचना संख्या 7443, दिनांक 25 नवम्बर, 2021 द्वारा यथास्थिति बिहार राज्य में लागू किया गया है । पुनः सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार की अधिसूचना संख्या सा०का०नि०-879(अ), दिनांक 14 दिसम्बर, 2022 द्वारा BH Series के उपर्युक्त नियमों में किये गये संशोधन को परिवहन विभाग के पत्रांक 201, दिनांक 11 जनवरी, 2023 द्वारा यथास्थिति बिहार राज्य में लागू किया गया है ।

2. राज्य के सभी जिलों में BH Series के अंतर्गत निबंधन हेतु कुल 3,399 आवेदन प्राप्त हुये हैं, जिसके विरुद्ध कुल 3,203 आवेदन स्वीकृत किये गये हैं ।

3. नयी गाड़ियों के साथ-साथ पुरानी गाड़ियों को भी BH Series के अंतर्गत निबंधन का प्रावधान है । जानकारी हेतु संबंधित अधिसूचना/पत्र की प्रति परिवहन विभाग की वेबसाईट पर अपलोड कर दी गयी है । अबतक BH Series के अंतर्गत पुरानी गाड़ियों के निबंधन हेतु कुल 02 आवेदन प्राप्त हुये हैं, जिसे स्वीकृत किया गया है ।

4. ड्राईविंग लाइसेंस का निर्गमन संबंधी प्रावधान केन्द्रीय मोटरयान अधिनियम, 1988 के अध्याय-2 के नियम-3 से 28 तक में तथा मोटरवाहन नियमावली, 1989 के अध्याय-2 के नियम-3 से 23 तक में उल्लिखित हैं, जो दिनांक 1 जुलाई, 1989 से प्रवृत्त हैं ।

जिला परिवहन कार्यालय से प्राप्त BH Series से संबंधित जो प्रतिवेदन समिति को उपलब्ध कराया गया उसके अवलोकन से पता चलता है कि BH Series में अपेक्षित संख्या के अनुरूप रजिस्ट्रेशन नहीं हो रहा है । जहां तक पुराने वाहनों के BH Series हेतु आवेदन एवं स्वीकृति का प्रश्न है उसकी संख्या तो मात्र दो है (परि०-3) ।

समिति को यह महसूस होता है कि पुरानी गाड़ियों के लिये भी BH Series लिया जा सकता है इसके बारे में बिहार के लोगों को अवगत नहीं कराया गया है । भारत सरकार द्वारा BH Series के तहत पुरानी गाड़ियों को भी निबंधित किये जाने की अधिसूचना दिनांक 14 दिसम्बर, 2023 को निर्गत कर नियमों में संशोधन किया गया जिसे राज्य में दिनांक 11 जनवरी, 2023 से लागू किया गया है लेकिन समिति को यह जानकारी प्राप्त हुई है कि पुरानी गाड़ियों को BH Series नंबर आवंटन के बारे में राज्य के जिला परिवहन

कार्यालयों और डीलर तक को जानकारी नहीं है । विभाग द्वारा जो प्रतिवेदन दिया गया है उसमें भी बताया गया है । उसमें भी बताया गया है कि जानकारी हेतु संबंधित अधिसूचना की प्रति परिवहन विभाग के वेबसाईट पर अपलोड कर दी गयी है । समिति द्वारा परिवहन विभाग की वेबसाईट पर पुरानी गाड़ियों के BH Series दिये जाने से संबंधित नियमाली की अधिसूचना लागू करने संबंधी राज्य सरकार के आदेश को खोजा गया था लेकिन वह अधिसूचना दिनांक 25 सितम्बर, 2023 के पूर्व तक अपलोडेड नहीं थी ।

समिति की समझ बनती है कि "बूंद-बूंद से तालाब भरता है" की अवधारणा को सामने रखकर राज्य के राजस्व संग्रहण करने वाले हर विभाग को अधिक-से-अधिक टैक्स जमा करने का प्रयास करना चाहिये । BH Series के तहत पुरानी गाड़ियों को निबंधन देना भी उसी प्रयास की कड़ी साबित होगा । राज्य के लाखों बच्चे अन्य राज्यों में निजी क्षेत्रों में जॉब कर रहे हैं । जिनमें से अधिकांश लोगों के पास गाड़ियां हैं । BH Series के तहत पुरानी गाड़ियों का भी निबंधन संभव है । यह जानकारी उनके बीच नहीं रहने के कारण जब वे एक राज्य से दूसरे राज्य में जाकर जॉब करते हैं तो उस राज्य का रजिस्ट्रेशन नम्बर सरेंडर कर दूसरे राज्य में रजिस्ट्रेशन लेना पड़ता है जिससे उनको भारी आर्थिक क्षति होती है । परिवहन विभाग यदि एक अभियान चलाकर राज्य के नागरिकों के समक्ष इस बात को रखे कि बिहार के स्थायी निवासियों के लिये पुरानी गाड़ियों को BH Series में परिवर्तित कराने हेतु बिहार में परेशानी मुक्त व्यवस्था कर दी गयी है तो लोग इच्छुक होंगे और हजारों पुरानी गाड़ियों का भी रजिस्ट्रेशन BH Series के तहत हो सकता है, जिससे राज्य को एक बहुत बड़े राजस्व की प्राप्ति होगी ।

अतः समिति निम्नांकित निष्कर्ष पर पहुँचती है:-

## निष्कर्ष

पुरानी गाड़ियों को BH Series आवंटित करने से संबंधित विवरण की मात्र 02 की संख्या यह दर्शाती है कि राज्य के परिवहन कार्यालय भी इस नियम से अनभिज्ञ हैं । समिति महसूस करती है कि पुरानी गाड़ियों के लिये BH Series से संबंधित संशोधित नियमावली का व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार किया जाना चाहिये और बिहार के स्थायी निवासी परंतु रोजगार के सिलसिले में बाहर रह रहे बच्चों को BH Series लेने के लिये आकर्षित करने के उपाय किये जाने चाहिये । BH Series आवंटन की प्रक्रिया को पेपरलेस और पूर्णतः ऑनलाइन कर देने से वाहन स्वामी राज्य के बाहर रहते हुये ही NOC एवं संबंधित दस्तावेज को ऑनलाइन अपलोड कर सकेंगे । यह उनके लिये प्रोत्साहन होगा और इससे न सिर्फ वाहन स्वामी ही आकर्षित होंगे बल्कि पूरे देश के लिये बिहार का यह कदम एक नजीर बनेगा ।

अतः समिति निम्नांकित अनुशंसा करती है:-

## अनुशंसा

1. पुरानी गाड़ियों के पात्र स्वामियों को BH Series दिया जा सकता है इसका व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाये ।

2. पुरानी गाड़ियों को BH Series में परिवर्तित करने की प्रक्रिया को पेपरलेस करते हुये पूर्णतः ऑनलाइन किया जाये ।

अजीत शर्मा,<br>
सभापति,<br>
प्रत्यायुक्त विधान समिति,<br>
बिहार विधान सभा ।

दिनांक 30 नवम्बर, 2023 (ई०) ।

# परिशिष्ट

परिशिष्ट-I

पत्र संख्या प्र०वि०स०-09/2022-2306/वि०स०

**बिहार विधान सभा सचिवालय**

----------

प्रेषक

अमलेन्द्र प्रसाद महतो,
उप-सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

सेवा में

सचिव,
परिवहन विभाग,
बिहार, पटना ।

पटना, दिनांक 12 सितम्बर, 2023 (ई०) ।

विषय--संविधान या विधान मंडल द्वारा कार्यपालिका को प्रत्यायोजित विधायी कृत्यों के अनुसरण में नियम, विनियम, विधि, उपविधि आदि बनाने में विभाग द्वारा की गई कार्रवाई के सम्परीक्षण के संबंध में ।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में निदेशानुसार सूचित करना है कि बिहार विधान सभा की प्रत्यायुक्त विधान समिति की दिनांक 27 सितम्बर, 2023 को 11:30 बजे पूर्वाह्न् में आपके साथ बिहार विधान सभा के विस्तारित भवन के समिति कक्ष में बैठक निर्धारित की गयी है । जिसमें समिति पूर्व में लंबित विषयों के साथ निम्न बिन्दुओं पर विचार-विमर्श करेगी:—

1. BH Series अपडेट सर्कुलर/नियम क्या है ?
2. BH Series के अन्तर्गत कितने आवेदन आये, कितनों को स्वीकृत किया गया ?
3. नई गाड़ियों के साथ-साथ पुरानी गाड़ियों को भी BH Series दिये जाने का प्रावधान किया गया है, उसके अनुपालन के लिये प्रचार-प्रसार की क्या व्यवस्था की गई है और क्या किसी पुरानी गाड़ी को BH Series का नम्बर आवंटित किया गया है ?
4. ड्राइविंग लाईसेंस के लिये सर्कुलर/नियम क्या है और कब से लागू किया गया है ?

अत: अनुरोध है कि वांछित प्रतिवेदन चौदह प्रतियों में समिति के विचारार्थ उपलब्ध कराने एवं समिति की दिनांक 27 सितम्बर, 2023 को 11:30 बजे पूर्वाह्न की बैठक में भाग लेने की कृपा की जाये ।

विश्वासभाजन,
अमलेन्द्र प्रसाद महतो,
उप-सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

परिशिष्ट-II

पत्रांक-01/वि०स० (सम्परीक्षण)-02-93/2023-परि०-7385

**बिहार सरकार**

**परिवहन विभाग**

----------

प्रेषक

सुधीर कुमार,
विशेष कार्य पदाधिकारी,
परिवहन विभाग, बिहार, पटना ।

सेवा में

श्री अमलेन्द्र प्रसाद महतो,
उप-सचिव,
बिहार विधान सभा सचिवालय, पटना ।

पटना, दिनांक 26 सितम्बर, 2023 (ई०) ।

विषय--संविधान या विधान मंडल द्वारा कार्यपालिका को प्रत्यायोजित विधायी कृत्यों के अनुसरण में नियम, विनियम, विधि, उपविधि आदि बनाने में विभाग द्वारा की गई कार्रवाई के सम्परीक्षण के संबंध में ।

प्रसंग--आपका पत्रांक 2306, दिनांक 12 सितम्बर, 2023 ।

महाशय,

उपर्युक्त विषय एवं प्रासंगिक पत्र के संदर्भ में कहना है कि बिहार विधान सभा की प्रत्यायुक्त विधान समिति की दिनांक 27 सितम्बर, 2023 को 11:30 बजे पूर्वाह्न में बैठक से संबंधित प्रश्नावली का उत्तर निम्नवत् है:--

| क्र०सं० | प्रश्नावली | उत्तर |
|---|---|---|
| 1. | BH Series अपडेट सर्कुलर/नियम क्या है ? | सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार की अधिसूचना संख्या-सा०का नि०-594(अ), दिनांक 26 अगस्त, 2021 द्वारा केन्द्रीय मोटरवाहन नियमावली के नियमों में संशोधन करते हुये सरकारी एवं निजी क्षेत्र में कार्य करने वाले पदाधिकारी एवं कर्मचारी हेतु प्रावधान किये गये हैं, जिसे परिवहन विभाग की अधिसूचना संख्या-7443, दिनांक 25 नवम्बर, 2021 द्वारा यथास्थिति बिहार राज्य में लागू किया गया है । पुनः सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार की अधिसूचना संख्या सा०का०नि०-879 (अ), दिनांक 14 दिसम्बर, 2022 द्वारा BH Series के उपर्युक्त नियमों में किये गये संशोधन को परिवहन विभाग के पत्रांक 201, दिनांक 11 जनवरी, 2023 द्वारा यथास्थिति बिहार राज्य में लागू किया गया है । |

| | | |
|---|---|---|
| 2. | BH Series के अन्तर्गत कितने आवेदन आये, कितने को स्वीकृत किया गया ? | राज्य के सभी जिलों में BH Series के अन्तर्गत निबंधन हेतु कुल 3,399 आवेदन प्राप्त हुये हैं, जिसके विरुद्ध कुल 3,203 आवेदन स्वीकृत किये गये हैं । |
| 3. | नई गाड़ियों के साथ-साथ पुरानी गाड़ियों को भी BH Series दिये जाने का प्रावधान किया गया है उसके अनुपालन के लिये प्रचार-प्रसार की क्या व्यवस्था की गई है और क्या किसी पुरानी गाड़ी को BH Series का नम्बर आवंटित किया गया है ? | नयी गाड़ियों के साथ-साथ पुरानी गाड़ियों को भी BH Series के अन्तर्गत निबंधन का प्रावधान है । जानकारी हेतु संबंधित अधिसूचना/पत्र की प्रति परिवहन विभाग की वेबसाईट पर अपलोड कर दी गयी है । अबतक BH Series के अन्तर्गत पुरानी गाड़ियों के निबंधन हेतु कुल 02 आवेदन प्राप्त हुये हैं, जिसे स्वीकृत किया गया है । |
| 4. | ड्राइविंग लाईसेंस के लिये सर्कुलर/नियम क्या है और कब लागू किया गया है ? | ड्राइविंग लाईसेंस का निर्गमन संबंधी प्रावधान केन्द्रीय मोटरयान अधिनियम, 1988 के अध्याय-2 के नियम-3 से 28 तक में तथा मोटरवाहन नियमवली, 1989 के अध्याय-2 के नियम-3 से 23 तक में उल्लिखित हैं, जो दिनांक 1 जुलाई, 1989 से प्रवृत्त हैं । |

अत: वाँछित प्रतिवेदन की चौदह प्रतियाँ भेजा जा रहा है ।
कृपया पावती स्वीकार की जाय ।
अनु०-यथोक्त ।

विश्वासभाजन,
सुधीर कुमार,
विशेष कार्य पदाधिकारी,
परिवहन विभाग, बिहार, पटना ।

## जिला परिवहन कार्यालयों से प्राप्त BH-Series से संबंधित प्रतिवेदन

| क्र0सं0 | जिला का नाम | BH-Series हेतु प्राप्त कुल आवेदन की सं0 | नये वाहन के BH-Series हेतु प्राप्त आवेदन की सं0 | पुराने वाहन के BH-Series हेतु प्राप्त आवेदन की सं0 | नये वाहन के BH-Series हेतु | | पुराने वाहन के BH-Series हेतु | | लंबित आवेदन की कुल सं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | स्वीकृत | अस्वीकृत | स्वीकृत | अस्वीकृत | |
| 1 | Araria | 25 | 25 | 0 | 25 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 2 | Arwal | 11 | 11 | 0 | 11 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 3 | Aurangabad | 13 | 13 | 0 | 13 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 4 | Banka | 4 | 4 | 0 | 4 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 5 | Begusarai | 306 | 306 | 0 | 301 | 0 | 0 | 0 | 5 |
| 6 | Bettiah | 30 | 30 | 0 | 30 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 7 | Bhagalpur | 13 | 13 | 0 | 13 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 8 | Bhojpur | 124 | 124 | 0 | 124 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 9 | Buxar | 33 | 33 | 0 | 30 | 0 | 0 | 0 | 3 |
| 10 | Darbhanga | 41 | 41 | 0 | 41 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 11 | Gaya | 116 | 116 | 0 | 115 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 12 | Gopalganj | 15 | 15 | 0 | 15 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 13 | Jamui | 11 | 10 | 0 | 10 | 1 | 0 | 0 | 0 |
| 14 | Jehanabad | 8 | 8 | 0 | 8 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 15 | Kaimur | 15 | 15 | 0 | 11 | 4 | 0 | 0 | 0 |
| 16 | Katihar | 22 | 22 | 0 | 22 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 17 | Khagaria | 27 | 26 | 24 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 18 | Kishanganj | 9 | 9 | 0 | 9 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 19 | Lakhisarai | 7 | 7 | 0 | 7 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 20 | Madhepura | 3 | 3 | 0 | 3 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 21 | Madhubani | 19 | 19 | 0 | 19 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 22 | Motihari | 87 | 87 | 0 | 79 | 8 | 0 | 0 | 0 |
| 23 | Munger | 16 | 16 | 0 | 16 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 24 | Muzaffarpur | 455 | 455 | 0 | 455 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 25 | Nalanda | 45 | 45 | 0 | 45 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 26 | Nawada | 37 | 30 | 0 | 30 | 7 | 0 | 0 | 0 |
| 27 | Patna | 1567 | 1567 | 2 | 1435 | 130 | 2 | 0 | 0 |
| 28 | Purnea | 38 | 38 | 0 | 38 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 29 | Rohtas | 50 | 50 | 0 | 49 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 30 | Saharsa | 12 | 12 | 0 | 12 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 31 | Samastipur | 34 | 34 | 0 | 34 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 32 | Saran (Chapra) | 53 | 53 | 0 | 51 | 2 | 0 | 0 | 0 |
| 33 | Sheikhpura | 3 | 3 | 0 | 3 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 34 | Sheohar | 3 | 3 | 0 | 3 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 35 | Sitamarhi | 4 | 0 | 4 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 36 | Siwan | 114 | 114 | 0 | 114 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 37 | Supaul | 2 | 2 | 0 | 2 | 2 | 0 | 0 | 0 |
| 38 | Vaishali | 27 | 27 | 0 | 25 | 1 | 0 | 0 | 1 |
| | TOTAL | 3399 | 3386 | 30 | 3203 | 155 | 2 | 0 | 11 |

बिहार सरकार
परिवहन विभाग

पत्रांक–02/08–01/2021, परि0 ..20/

प्रेषक,

जिला परिवहन पदाधिकारी (मुख्यालय),
परिवहन विभाग, बिहार, पटना।

सेवा में,

सभी जिला परिवहन पदाधिकारी,
बिहार।

पटना, दिनांक– 11/1/2023

विषय– BH Series से संबंधित केन्द्रीय मोटरवाहन नियमावली, 1989 के विभिन्न नियमों में किये गये संशोधन के अनुपालन के संबंध में।

प्रसंग– सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार की अधिसूचना सं0–सा0का0नि0– 879(अ), दिनांक–14.12.2022

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार की अधिसूचना सं0–सा0का0नि0–879(अ), दिनांक–14.12.2022 द्वारा BH Series से संबंधित केन्द्रीय मोटरवाहन नियमावली, 1989 के नियम–48 के उपनियम–1, नियम–51(ख), नियम–51(ख) के अन्तर्गत निर्धारित प्रारूप 27(क) – (BH श्रृंखला में नये पंजीकरण चिन्ह के समनुदेशन के लिए आवेदन), नियम–47 (1)(गक) के अन्तर्गत निर्धारित प्रारूप–60 (कार्य प्रमाण पत्र) में संशोधन किया गया है, जिसकी प्रति संलग्न है, संशोधित प्रावधान के मुख्य कार्यकारी बिन्दु निम्नवत् है:–

1. BH Series की अर्हता रखने वाले आवेदक BH Series के अन्तर्गत निबंधन के लिए संबंधित राज्य के किसी भी निबंधन प्राधिकार को आवेदन समर्पित किया जा सकेगा, जिसमें वाहन स्वामी का स्थायी निवास या कार्य का स्थान हो।

2. BH Series के अन्तर्गत निबंधित वाहन को किसी ऐसे व्यक्ति के नाम से स्थानांतरित किया जाता है जो BH Series के लिए पात्र नहीं है, तो ऐसे वाहनों पर संबंधित राज्य में प्रचलित नियमित निबंधन सिरीज से नया निबंधन चिन्ह दिया जायेगा एवं संबंधित राज्य के करारोपण नियमों के अनुसार मोटरवाहन कर का भुगतान करना होगा।

3. यदि किसी समय BH Series के अन्तर्गत निबंधित वाहन का स्वामी BH Series के लिए पात्र नहीं रहता है, तो वैसा वाहन शेष अवधि, जिसके लिए कर का भुगतान किया जा चुका है, के लिए BH Series के तहत् निबंधित रहेगा।

4. नियमित सिरीज में निबंधित वाहन का स्वामी BH Series के लिए पात्र है तो वे अपने वाहन का BH Series के अन्तर्गत निबंधन के लिए विकल्प चुनेंगे एवं ऐसे वाहन के स्वामी राज्य के किसी भी निबंधन प्राधिकरण, जिसमें वाहन वर्तमान में निबंधित है, को BH Series के अन्तर्गत निबंधन चिन्ह समानुदेशन के लिए प्रारुप–27A (नया प्रारुप जोड़ा गया है) में आवेदन करेगा ।

5. निजी क्षेत्र में कार्य करने वाले आवेदकों हेतु BH Series के मामले में पूर्व में निर्धारित प्रारुप 60 को संशोधित किया गया है ।

अतः सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार की अधिसूचना सं0–सा0का0नि0–879(अ), दिनांक–14.12.2022 की प्रति संलग्न कर प्रेषित करते हुए अनुरोध है कि इसका अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जाय। पूर्व में एतद संबंधी निर्गत सभी पत्रों को इस हद तक संशोधित समझा जाय।

अनु0– यथोक्त।

विश्वासभाजन

09/01/2023

जिला परिवहन पदाधिकारी (मुख्यालय),
परिवहन विभाग, बिहार, पटना

रजिस्ट्री सं. डी.एल.- 33004/99 REGD. No. D. L.-33004/99

# भारत का राजपत्र
# The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-अ.-15122022-241119
CG-DL-E-15122022-241119

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)
PART II—Section 3—Sub-section (i)

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

| | |
|---|---|
| सं. 785] | नई दिल्ली, बुधवार, दिसम्बर 14, 2022/अग्रहायण 23, 1944 |
| No. 785] | NEW DELHI, WEDNESDAY, DECEMBER 14, 2022/AGRAHAYANA 23, 1944 |


सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

अधिसूचना

नई दिल्ली, 14 दिसम्बर, 2022

**सा.का.नि. 879(अ).**—केन्द्रीय मोटर यान नियम, 1989 का और संशोधन करने के लिए प्रारूप नियम मोटर यान अधिनियम, 1988 (1988 का 59) की धारा 212 की उपधारा (1) के अधीन यथापेक्षित भारत सरकार के सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की अधिसूचना संख्या सा.का.नि. 762(अ), तारीख 04 अक्तूबर, 2022 द्वारा तारीख 04 अक्तूबर, 2022 को भारत के राजपत्र, असाधारण, भाग II, खंड 3, उपखंड (i) में प्रकाशित किए गए थे, जिसमें उन सभी व्यक्तियों से जिनका उससे प्रभावित होना संभाव्य है, उस तारीख से, जिसको प्रारूप नियमों में अंतर्विष्ट राजपत्र की प्रतियां जनता को उपलब्ध करा दी गई थी, तीस दिनों की अवधि के अवसान से पूर्व आक्षेप और सुझाव आमंत्रित किए गए थे ;

और उक्त राजपत्र अधिसूचना की प्रतियां 06 अक्तूबर, 2022 को जनता को उपलब्ध करा दी गई थी;

और उक्त प्रारूप नियमों के संबंध में जनता से प्राप्त आक्षेपों और सुझावों पर केन्द्रीय सरकार द्वारा सम्यक् रूप से विचार कर लिया गया है ;

अतः, अब केन्द्रीय सरकार, मोटर यान अधिनियम, 1988 (1988 का 59) की धारा 64 के खंड (क), खंड (थ) और खंड (ढ) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय मोटर यान नियम, 1989 का और संशोधन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात् :-

1. संक्षिप्त नाम और प्रारंभ.- (1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम केन्द्रीय मोटर यान (तेईसवां संशोधन) नियम, 2022 है।

(2) ये राजपत्र में तारीख उनके प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2. केन्द्रीय मोटर यान नियम, 1989 (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त नियम कहा गया है), के नियम 47 के उपनियम (1) की मद (गड़) में "अधिकारिक पहचान पत्र" शब्दों के पश्चात् "या सेवा प्रमाणपत्र" शब्द अंत:स्थापित किए जाएंगे।

(3) उक्त नियम के 48 के उपनियम (1) में, परन्तुक के स्थान पर निम्नलिखित परन्तुक रखा जाएगा, अर्थात् :-

"परन्तु ऐसे बी एच श्रृंखला के अन्तर्गत यान के रजिस्ट्रीकरण के लिए आवेदन, जिसका यान के स्वामी द्वारा स्वेच्छा से विकल्प लिया गया है, ऐसे राज्य के किसी रजिस्ट्रीकरण प्राधिकरण को किया जाएगा जिसमें यान के स्वामी का या तो स्थायी निवास है या कार्य का स्थान है और रजिस्ट्रीकरण चिन्ह्, रजिस्ट्रीकरण प्राधिकरण द्वारा, यथास्थिति, प्ररूप 60 में कार्यकरण प्रमाणपत्र या शासकीय पहचान पत्र/सेवा प्रमाणपत्र के सत्यापन के पश्चात् पोर्टल के माध्यम से यादृच्छिक रूप से सृजित किया जाएगा।"।

4. उक्त नियम के नियम 51ख में,--

(क) उपनियम (3), के परन्तुक के पश्चात्, निम्नलिखित परन्तुक रखे जाएंगे, अर्थात्:--

"परन्तु यह और कि बी एच श्रृंखला में किसी रजिस्ट्रीकृत यान को किसी ऐसे व्यक्ति के नाम में अन्तरित किया जाता है, जो नियम 47 के उपनियम (1) के खंड (गक) या खंड (खग) के अनुसार बी एच श्रृंखला के लिए पात्र नहीं है तब ऐसा यान संबंधित राज्य या संघ राज्य क्षेत्र में विद्यमान नियमित रजिस्ट्रीकरण श्रृंखला से नए रजिस्ट्रीकरण चिन्ह् के समनुदेशन के लिए दायी होगा और ऐसा यान संबंधित राज्य या संघ राज्य क्षेत्र के कराधान नियमों के अनुसार मोटर यान कर के लिए दायी होगा :

परन्तु यह भी कि यदि बी एच श्रृंखला में रजिस्ट्रीकृत कोई यान किसी ऐसे व्यक्ति के नाम में अंतरित किया जाता है जो बी एच श्रृंखला के लिए पात्र है, तब ऐसा यान जब तक अन्तरिती बी एच श्रृंखला के लिए पात्र रहता है, तब तक बी एच श्रृंखला के अधीन विधिमान्य रूप से रजिस्ट्रीकृत बना रहेगा:

परन्तु यह भी कि बी एच श्रृंखला में रजिस्ट्रीकृत यान का स्वामी किसी समय नियम 47 के उपनियम (1) के खंड (गक) या खंड (गख) के अनुसार, बी एच श्रृंखला के लिए पात्र नहीं रह जाता है तब ऐसा यान ऐसी शेष अवधि, जिसके लिए कर का संदाय कर दिया है, के लिए बी एच श्रृंखला के अधीन रजिस्ट्रीकृत बना रहेगा।"।

(ख) उपधारा (3) के पश्चात् निम्नलिखित उपनियम अन्त:स्थापित किए जाएंगे, अर्थात् :-

"(4) यदि किसी समय, किसी भी राज्य या संघ राज्य क्षेत्र की नियमित श्रृंखला में रजिस्ट्रीकृत किसी यान का स्वामी नियम 47 के उपनियम (1) के खंड (गक) या खंड (गख) के अनुसार बी एच श्रृंखला के लिए पात्र हो जाता है, तब ऐसे यान का स्वामी, ऐसे राज्य या संघ राज्य क्षेत्र जिसमें ऐसा यान वर्तमान में रजिस्ट्रीकृत किया गया है या रखा गया है, के किसी ऐसे रजिस्ट्रीकरण प्राधिकरण को बी एच श्रृंखला में रजिस्ट्रीकरण चिन्ह् के समनुदेशन के लिए प्ररूप 27क में आवेदन करेगा।

(5) बी एच श्रृंखला में रजिस्ट्रीकरण चिन्ह् के समनुदेशन पर, उपनियम (4) में निर्दिष्ट यान का स्वामी उपनियम (3) के अनुसार कर का संदाय करने का दायी होगी।"।

5. उक्त नियम में, प्ररूप 27 के पश्चात्, निम्नलिखित प्ररूप अन्त:स्थापित किया जाएगा, अर्थात् :-

"प्ररूप 27 क"

[नियम 51बी (4) देखें]

**बीएच-श्रृंखला में नए पंजीकरण चिह्न के समनुदेशन के लिए आवेदन**

सेवा में,

रजिस्टरकर्ता प्राधिकारी,

..............................

मैं/हम.............................................................................. का पुत्र/की पत्नी/की पुत्री मोटर यान संख्यांक......................................... चैसिस संख्या......................... [इंजन संख्या या बैटरी चलितयानों के मामले में मोटर संख्या]......................यान का प्रकार.................. का/के रजिस्ट्रीकृत स्वामी होने के नाते ....................................एतद्वारा घोषणा करता/करती हूँ कि मैं अपने वाहन का बीएचश्रृंखला में रजिस्ट्रीकरण कराने के लिए पात्र हूं।

मैं एतद्वारा घोषणा करता हूं कि रजिस्ट्रीकरण दिनांक .......................... तक विधिमान्य है और यह इस अधिनियम के उपबंधों के अधीन निलंबित या रद्द नहीं किया गया है।

मैं इस मोटर यान के रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र संलग्न करता हूं/करते हैं।

मैं प्ररूप 60 या शासकीय पहचान पत्र में अपना कार्य प्रमाण पत्र/सेवा प्रमाणपत्र संलग्न करता हूं।

यान अवक्रय करार/पट्टा करार /उपप्राधीयन के समझौते के अध्याधीन नहीं है।

यान ...................................... के साथ किए गए अवक्रय करार/पट्टा करार/ उपप्राधीयन के समझौते के अध्याधीन है और यदि वित्तपोषक द्वारा "अनापत्ति प्रमाण पत्र" स्वीकार/अस्वीकार कर दिया गया है। यदि वित्तपोषक द्वारा "अनापत्ति प्रमाण पत्र" स्वीकार/अस्वीकार कर दिया गया है, तो आवेदक को इस आवेदन के साथ धारा 51 की उप-धारा (8) की अपेक्षानुसार घोषणा फाइल करनी होगी।

मेरा मोबाइल नंबर ..................... और ईमेल (यदि है) ..................................

तारीख ..........................

आवेदक के हस्ताक्षर/ई-हस्ताक्षर

6. उक्त नियमों में, प्ररूप 60 के स्थान पर, निम्नलिखित प्ररूप प्रतिस्थापित किया जाएगा, अर्थात्:

"प्रारूप 60"

[नियम 47(1) (एक) देखें]

**कार्य प्रमाणपत्र**

सेवा में,

रजिस्टरकर्ता प्राधिकारी,

.....................................

.....................................

हम एतद्वारा घोषणा करते हैं कि श्री ..................................पुत्र/पुत्री................................ स्थाई पता ................................ हमारी कंपनी/संगठन में ................................ से काम कर रहा है। यह भी प्रमाणित किया जाता है कि हमारे चार राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों या उससे अधिक में कार्यालय हैं। हमारे संगठन का विवरण इस प्रकार है :-

1. संगठन का नाम-
2. संगठन की पंजीकरण संख्या-
3. जीएसटी पंजीकरण संख्या-
4. पैन संख्या-
5. रजिस्ट्रीकृत/कारपोरेट कार्यालय का पता-
6. ईमेल पता -

कर्मचारी का विवरण इस प्रकार है-

1. कर्मचारी का रोजगार पहचान पत्र -
2. कर्मचारी का यूएएन (अद्वितीय खाता संख्या)-
3. कर्मचारी का मोबाइल नंबर-
4. कर्मचारी का ईमेल पता -
5. कर्मचारी का पैन संख्या-

आवेदक के हस्ताक्षर/ई-हस्ताक्षर

संगठन के अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता के हस्ताक्षर

अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता का नाम

अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता का पता

अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता का मोबाइल नंबर

अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता का ई-मेल पता

दिनांक .................................. आधिकारिक मुहर"।

[फा. सं. आरटी-11036/48/2019-एमवीएल]

महमूद अहमद, अपर सचिव

टिप्पण: मूल नियम, भारत के राजपत्र, असाधारण, भाग-II, खंड 3, उपखंड (i) में अधिसूचना संख्यांक सा.का.नि. 590(अ), तारीख 02 .06.1989 द्वारा प्रकाशित किए गए थे और अंतिम बार अधिसूचना सं. 863(अ), तारीख 01.12.2022 द्वारा संशोधित किए गए थे।

## MINISTRY OF ROAD TRANSPORT AND HIGHWAYS

## NOTIFICATION

New Delhi, the 14th December, 2022

G.S.R. 879(E).—Whereas the draft rules further to amend the Central Motor Vehicles Rules, 1989, were published, as required by sub-section (1) of section 212 of the Motor Vehicles Act, 1988 (59 of 1988), vide notification of the Government of India in the Ministry of Road Transport and Highways, number G.S.R. 762 (E), dated the 4th October, 2022 in the Gazette of India, Extraordinary, Part-II, Section 3, Sub-section (i) dated the 4th October, 2022 inviting objections and suggestions from all persons likely to be affected thereby before the expiry of the period of thirty days from the date on which the copies of the Official Gazette containing the said notification were made available to the public;

And whereas, copies of the said notification were made available to the public on the 6th October, 2022;

And whereas, the objections and suggestions received from the public in respect of the said draft rules have been duly considered by the Central Government;

Now, therefore, in exercise of the powers conferred by clause (a), (d) and (p) of section 64 of the Motor Vehicles Act, 1988 (59 of 1988), the Central Government hereby makes the following rules further to amend the Central Motor Vehicles Rules, 1989, namely:-

1. (1) These rules may be called as the Central Motor Vehicles (Twenty-third Amendment) Rules, 2022.

(2) They shall come into force on the date of their final publication in the Official Gazette.

2. In the Central Motor Vehicles Rules, 1989 (hereinafter referred to as the said rules), in rule 47, in sub-rule (1), in item (cb), after the words "Official Identity Card", the words " or Service Certificate" shall be inserted.

3. In rule 48 of the said rules, in sub-rule (1), for the proviso, the following proviso shall be substituted, namely: -

